# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

02 अप्रैल 2026, गुरुवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा भवानीपुर, पश्चिम बंगाल में श्री सुवेंदु अधिकारी की नामांकन यात्रा में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

**नंदीग्राम के बाद अब ममता बनर्जी को भवानीपुर विधानसभा में भी हराना है**

***************

**इस बार बंगाल के मतदाताओं को वोट डालने से रोकने की किसी गुंडे में हिम्मत नहीं है, बंगालवासियों को भयमुक्त होकर मतदान करना है**

***************

**सिंडिकेट, टोलबाजी और डेमोग्राफी चेंज से त्रस्त बंगालवासी 'परिवर्तन' लाने वाले हैं**

***************

**बंगाल की जनता इस बार TMC को मूल समेत उखाड़ फेंकने की तैयारी में है**

***************

**मोदी जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार कविगुरु के "सोनार बांग्ला" का स्वप्न साकार करेगी**

***************

**भ्रष्टाचार, घुसपैठ, बम धमाकों और बेरोजगारी से त्रस्त बंगाल की समस्याओं का समाधान भाजपा सरकार में ही संभव है।**

***************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आज गुरुवार को पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में बंगाल के नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री सुवेंदु अधिकारी की नामांकन यात्रा में उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता, तृणमूल कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार, हिंसा, अवैध घुसपैठ से त्रस्त हो चुकी है और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में परिवर्तन चाहती है। श्री शाह ने कहा कि यह परिवर्तन पश्चिम बंगाल के लिए शुभ परिणाम लेकर आएगा और स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का 'सोनार बांग्ला' बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम के दौरान मंच पर बंगाल में नेता प्रतिपक्ष एवं भवानीपुर से प्रत्याशी श्री सुवेंदु अधिकारी, रासबिहारी से भाजपा प्रत्याशी डॉ तपन दास गुप्ता, बालीगंज से भाजपा प्रत्याशी श्री लोकेनाथ चटर्जी एवं चौरंगी से भाजपा प्रत्याशी श्री संतोष पाठक सहित वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि बंगाल चुनाव से पहले मैंने लगभग पूरे बंगाल का दौरा किया है, कोलकाता, दुर्गापुर से लेकर उत्तर बंगाल तक हर क्षेत्र में उन्हें एक ही स्वर सुनाई दिया कि लोग ममता बनर्जी की सरकार को बदलना चाहते हैं। आज बंगाल की पूरी जनता टोलबाजी से त्रस्त है, तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी से परेशान है, महिलाओं की असुरक्षा से चिंतित है और अवैध घुसपैठ के कारण बंगाल की डेमोग्राफी चेंज से आक्रोशित है। बंगाल की जनता लगातार बम धमाकों और गोलीबारी की घटनाओं से, बढ़ती बेरोजगारी से और ममता बनर्जी के शासन में हुए रिकॉर्ड स्तर के भ्रष्टाचार से त्रस्त है। पूरे बंगाल की जनता आज परिवर्तन की मांग कर रही है और कह रही है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बननी चाहिए। पश्चिम बंगाल की जनता यह मांग रही है कि राज्य की सीमाओं को सख्ती से सुरक्षित किया जाना चाहिए और घुसपैठियों को चिन्हित कर देश से बाहर किया जाना चाहिए और कवि गुरु की परिकल्पना के अनुरूप 'सोनार बांग्ला' का निर्माण किया जाना चाहिए।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पूरे बंगाल की जनता परिवर्तन के लिए पूरी तरह तैयार है। मैं जहां भी जाता हूं, लोग स्पष्ट रूप से कहते हैं कि 5 मई को भाजपा की सरकार आने वाली है। आज पूरा बंगाल ममता बनर्जी को सत्ता से विदा करने के लिए तैयार है, लेकिन इस परिवर्तन की चाबी भवानीपुर के मतदाताओं के हाथ में है। जब हम एक-एक सीट जीतकर 170 सीट जीतेंगे, तब जाकर परिवर्तन होगा, लेकिन भवानीपुर के मतदाता चाहें तो एक ही सीट से यह परिवर्तन सुनिश्चित कर सकते हैं। श्री सुवेंदु अधिकारी से मैंने कहा था कि केवल नंदीग्राम तक सीमित नहीं रहना है, बल्कि ममता बनर्जी के गढ़ में जाकर उन्हें हराना है। पिछले चुनाव में ममता बनर्जी राज्य में सरकार तो बना पाईं, लेकिन नंदीग्राम में सुवेंदु अधिकारी से चुनाव हार गई थीं। इस बार ममता बनर्जी पूरे बंगाल में भी हारेंगी और भवानीपुर में भी हारेंगी।

श्री शाह ने कहा कि आज सुबह कुछ पत्रकारों ने उनसे संपर्क कर बताया कि बंगाल का माहौल भाजपा के पक्ष में है और जनता चाहती है कि ममता बनर्जी सत्ता से चली जाएं, तृणमूल कांग्रेस के गुंडों पर कार्रवाई हो और भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या करने वालों को जेल भेजा जाए। मैंने कहा फिर चिंता क्या है? तो उन्हें बताया गया कि टीएमसी के गुंडे वोट नहीं करने देंगे। इस बार किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है, कोई भी गुंडा बंगाल के मतदाताओं को मतदान से नहीं रोक सकता। बंगाल की जनता भय मुक्त होकर मतदान करे। तृणमूल कांग्रेस को केवल हराना नहीं है, बल्कि जड़ से उखाड़कर बंगाल की खाड़ी में फेंक देना है। जिस प्रकार बंगाल में भ्रष्टाचार, टोलबाजी और सिंडिकेट का शासन फैल गया है, उससे आम जनता का जीवन कठिन हो गया है। साथ ही घुसपैठ की बढ़ती समस्या ने राज्य के अस्तित्व को भी खतरे में डाल दिया है। इन सभी समस्याओं का एकमात्र समाधान यह है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई जाए।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद जिन-जिन राज्यों ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर भरोसा जताकर भाजपा की सरकार बनाई, वे सभी राज्य विकास के रास्ते पर आगे बढ़े हैं। अब बारी पश्चिम बंगाल और भवानीपुर की जनता की है। यह परिवर्तन पश्चिम बंगाल के लिए शुभ परिणाम लेकर आएगा और स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों का 'सोनार बांग्ला' बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पूरे बंगाल को तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की।

******************